डॉ॰ ओम प्रकाश आर्य
महाराजा कॉलेज, आरा

Date 15/07/20

विषय - संस्कृत, बी॰ ए॰ स्नातक (प्रतिष्ठा)
प्रथम वर्ष, प्रथम पत्र
किरातार्जुनीयम् - प्रथम सर्ग
पद्यांश व्याख्या

निसर्गदुर्बोधमबोध विक्लवा
क्व भूपतीनां चरितं क्व जन्तवः ।
तवानुभावोऽयमवेदि यन्मया
निगूढ तत्त्वं नयवर्त्म विद्विषाम् ॥6॥

अन्वयः- निसर्गदुर्बोधं भूपतीनां चरितं क्व? अबोध-विक्लवाः जन्तवः क्व? यत् मया विद्विषां निगूढतत्त्वं नयवर्त्म अवेदि, तत् अयं तव अनुभावः ।

भाषार्थ:- (निसर्गदुर्बोधम्) स्वभाव से ही दुर्बोध (भूपतीनां चरितं क्व) राजाओं का चरित्र कहाँ? और मेरे जैसे (अबोधविक्लवाः जन्तवः क्व) अज्ञानी लोग कहाँ? (मया विद्विषां निगूढतत्त्वं नयवर्त्म) मैंने शत्रुओं के अत्यन्त गुप्तस्वरूपवाले राजनीति के मार्ग का (यत् अवेदि) जो ज्ञान प्राप्त किया, (तत् अयं तव अनुभावः) वह आपका ही प्रभाव है।

भावार्थ:- इस पद्य में वनेचर अपनी अहंकारहीनता का परिचय देते हुए कहता है कि राजाओं की राजनीति साधारण व्यक्ति द्वारा सरलता से समझी जाने योग्य नहीं होती।

पदव्याख्या:- निसर्गदुर्बोधम् = निसर्गेण दुर्बोधम् निसर्गदुर्बोधम् (तृ॰तत्पु॰)। निसर्ग = नि + सृज् + घञ् । दुर्बोध = दुर् + बुध् + खल् । अबोधविक्लवाः = अज्ञान से

अभिभूत, अज्ञानी। न बोधः अबोधः (नञ् तत्पु०), विगतः क्लवः एषाम् इति विक्लवाः (बहुव्रीहि), अबोधेन विक्लवाः अबोधविक्लवाः, (तृ० तत्पु०)। बुध् + घञ् = बोधः। क्व भूपतीनां चरितम् = भुवः पतिः भूपतिः, तेषाम्। पा + डति प्रत्यय कर्तरि भूपतिः। चरितम् = चर् + क्त भावे।

निसर्गदुर्बोधं भूपतीनां चरितं क्व ? अबोधविक्लवाः जन्तवः क्व ? यहाँ दो बार 'क्व' का प्रयोग दो बातों में अत्यन्त विषमता या असंगति प्रकट करने लिए होता है। जैसे- 'क्व सूर्यप्रभवो वंशः क्व चाल्पविषया मतिः' (रघुवंश 1/2) 'तपः क्व वत्से क्व तावकं वपुः' (कुमारसम्भव 5/4)

यहाँ वनेचर के कहने का तात्पर्य यह है कि मेरे जैसे अज्ञानी द्वारा दुर्योधन जैसे राजा की नीति समझना कठिन कार्य था।

तवानुभावः अयम् = यह आपकी ही कृपा है, अनुगतः भावः अनुभावः (प्रादितत्पुरुष)। अनु + भू + घञ् = अनुभावः (प्रताप, कृपा, महिमा) यद् मया अवेदि = जो मेरे द्वारा जान लिया गया। विद् + लुङ् प्र० पु० एक० कर्मवाच्य में। निगूढतत्त्वम् = निगूढं तत्त्वं यस्य (बहु०) नि + गुह् + क्त कर्मणि, तस्य भावः तत्त्वम्, तत् + त्व। विद्विषाम् नयवर्त्म = शत्रुओं की नीति का मार्ग, नीयतेऽनेन इति नयः, नी + अच्। वर्ततेऽनेन अस्मिन् वा, वर्त्म = वृत् + मनिन्। नयस्य वर्त्म। वि + द्विष् + क्विप् विद्विष् तेषाम्। इति।

Scanned with CamScanner